प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को किया रवाना : रक्षा मंत्री ने कहा– ब्रह्मोस से सुरक्षा के साथ अर्थव्यवस्था को मिली है नई ताकत।
2. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गोरखपुर में ग्राम चौपाल और देवरिया में किसान मेले में हुए शामिल : कहा– घटिया बीज बेचने वालों के खिलाफ सरकार बना रही है सख्त कानून।
3. श्रद्धा और उल्लास के साथ आज मनाया जा रहा है धनतेरस का पर्व : बाजारों में उमड़ रही है खरीदारों की भारी भीड़।

और

4. दिव्य और भव्य दीपोत्सव के लिए अयोध्या सज–धज कर तैयार : विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर बिछाये गये दीये।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को रवाना किया। लखनऊ स्थित ब्रह्मोस इकाई उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे में पहली ऐसी सुविधा है, जहाँ मिसाइल प्रणाली निर्माण स लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया स्वदेशी रूप से की जाती है। समारोह के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने बूस्टर भवन का उद्‍घाटन भी किया, जो ब्रह्मोस प्रोजेक्ट की क्षमता विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चार मिसाइलों की डिलीवरी के साथ भारत की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाला यह कदम न केवल सैन्य सफलता का, बल्कि आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश रक्षा निर्माण क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है और हाल ही में ब्रह्मोस टीम ने दो देशों के साथ करीब चार हज़ार करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइट....

*यही आत्मनिर्भर भारत की मैं मानता हूँ कि असली पहचान जिस सोच के साथ हमने 2014 में अपनी यात्रा प्रारंभ की, साथियों हमारे प्रधानमंत्री जी ने हमें 2047 तक के भारत का विजन दिया है और एक ऐसे भारत का जो पूरी तरह से विकसित हो, आत्मनिर्भर हो और दुनिया का नेतृत्व करने के लिए वह तैयार हो ऐसे भारत का निर्माण करने का संकल्प हम लोगों के सामने रखा है उस विजन तक पहुँचने में डिफेंस सेक्टर की भूमिका निश्चित रूप से बहुत ही निर्णायक होगी*

*और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी डिफेंस इन्डस्टरी उस भूमिका को उसी उत्साह के साथ निभायेंगे।*

रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ अब केवल तहजीब का शहर नहीं रहा, बल्कि टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रीज का केंद्र बन चुका है। रक्षा निर्माण के क्षेत्र में लखनऊ अब देश के मानचित्र पर एक प्रमुख हब के रूप में स्थापित हो गया है।

बाइट....

*डिफेंस मैन्यूफैक्चिरिंग के मामले में भी लखनऊ अब एक अहम केंद्र बन चुका है और यहां से निकलने वाला हर कदम भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ एक यह प्रभावी कदम है उसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं।*

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश भारत के डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग एयरोस्पेस इनोवेशन का एक बड़ा केंद्र बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में बनी यह मिसाइल देश की रक्षा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता की मिसाल है। अब भारत ब्रह्मोस जैसी मिसाइल से अपनी ही नहीं मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम है।

बाइट.....

*हर वर्ष 100 ब्रह्मोस मिसाइल बनेंगी और आने वाले समय में इसकी कैपीसिटी 150 तक बनेगी तो हमें हर वर्ष 150 से 200 करोड़ रूपये इन मिसाइल के माध्यम से GST के माध्यम से ही प्रदेश सरकार को प्राप्त होता हुआ दिखाई देगा, यह लैण्ड आज सोना उगलने का काम कर रही है, उत्तर प्रदेश के लिये भी और देश की सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का काम भी कर रहा है।*

———————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गोरखपुर के डुमरीखुर्द गांव में ग्राम चौपाल लगाकर किसानों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही हैं, जिससे कृषि उत्पादन के साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ सके। उन्होंने किसानों से खेती में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे। इसके बाद कृषि मंत्री ने देवरिया के पथरदेवा में आयोजित किसान मेला में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को पचास प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों को अच्छे बीज उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि घटिया बीज बेचने वालों के खिलाफ कड़ा कानून लाने की तैयारी की जा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए नई एमएसपी पर खरीद की जायेगी। बाइट.....

*किसान की फसल को औने–पौने दाम नहीं बिकने देंगे, एमएसपी पे खरीदी होगी, मैं आज आपको आश्वास्त करने आया हूँ, आजकल कम पैदा हो रही है, घानी खतम कर दिये किसानों ने लगभग, लेकिन तुवर, मसूर, उरग, जितनी पैदा करेंगे किसान, पूरी की पूरी भारत सरकार खरीदेगी एमएसपी पर मिट्टी के दाम नहीं जाने देंगे।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

आरोग्य और समृद्धि का प्रतोक धनतेरस का पर्व प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। धनतेरस पर बाजारों में खासी रौनक है। आज सोने–चांदी के आभूषण और बर्तनों की विशेष रूप से खरीदारी की जा रही है। साथ ही लोगों की भीड़ कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दो पहिया और चार पहिया वाहनों की दुकानों पर भी दिखाई दे रही है। बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन सजग है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस तैनात है। संवेदनशील स्थानों की विशेष निगरानी की जा रही है। बरेली में पुलिस द्वारा फ्लैगमार्च किया गया। गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में धनवंतरी जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आरोग्य संगम का आयोजन किया गया। वहीं धनवंतरी यज्ञ कर लोक कल्याण एवं आरोग्य की प्रार्थना की गई। वहीं मेरठ,

कानपुर देहात, शाहजहांपुर, कुशीनगर, सुल्तानपुर सहित विभिन्न जिलों में लगाये गये स्वदेशी मेलों मे लोगों ने जमकर खरीदारी की।

————————

अयोध्या में कल होने वाले दिव्य और भव्य दीपोत्सव का साक्षी बनने के लिए श्रद्धालुओं का रामनगरी आना शुरू हो गया है। दीपोत्सव में राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। भारत में निर्मित 11 सौ ड्रोन की मदद से लेजर–शो और 21 सौ वेदाचार्यों द्वारा सरयू की महाआरती आकर्षण का केन्द्र होगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव में शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*सज और संवर रही अयोध्या कल पूरे विश्व को आस्था श्रद्धा और धर्म का संदेश देगी, फूलों और विद्युत झालरों से अयोध्या गमकेगी भी और चमकेगी भी, कल दीपोत्सव पर निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए 21 झांकियां आकार ले चुकी है, जो रामायण प्रसंगों और केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही अयोध्या के विकास की झलकियां दिखाएगी, राम की पैड़ी के साथ ही 56 घाटों पर बिछाये जा रहे 29 लाख दीपों में 80 प्रतिशत दीपक बिछाये जा चुके हैं, तो आरती का पूर्व अभ्यास भी किया जा चुका है, दीपोत्सव अपने ही पूर्व रिकॉर्ड को तोड़कर तीन नए कीर्तिमान पुनः स्थापित करेगी, इस बीच संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ राजपत्रित अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

————————

दीपावली और छठ पर्व पर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए छह, पर्व स्पेशल ट्रेन चलाई जा रहो है, आज से ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ये पूजा विशेष गाड़ियां गोरखपुर–आसनसोल, मऊ–सूरत, गोरखपुर–नई दिल्ली, गोरखपुर–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, गोरखपुर–पुणे और गोरखपुर–साबरमती के बीच चलायी जा रही है।

——————————

दीपावली पर्व के मद्देनजर विद्युत विभाग ने जनता के लिए गाइडलाइन जारी की। लखनऊ विद्युत वितरण प्रशासन, लेसा के अंतर्गत आने वाले विद्युत नगरीय वितरण खंड नींबू पार्क के अधीक्षण अभियंता के के चौधरी ने बताया कि जनता को बिजली के तारों के नीचे तथा ट्रांसफार्मर के आसपास पटाखे न जलाने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा घरों में प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से ही सजावटी बिजली की झालर लगवाए। दिवाली के बाद पडने वाले जमघट पर्व पर पतंगबाजों से आग्रह किया है कि तार और मांझे वाली पतंग न उड़ाए।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से लागू जीएसटी बचत उत्सव से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिल रहा है। जीएसटी सुधारों से कृषि

यंत्रों पर जीएसटी दर घटने से किसानों को काफी फायदा मिल रहा है। लखनऊ की प्रगतिशील महिला किसान कामिनी सिंह ने इसे किसानों के लिए वरदान बताया है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जी ने जो कृषि यंत्रों पर जीएसटी की छूट दी है वो हमारे किसान अन्नदाता के लिए एक वरदान से कम नहीं आज दीपावली के शुभ अवसर का पहला पर्व है धनतेरस जिसमें मैंने प्रोसेसिंग यंत्रों को खरीद के जो जीएसटी से लाभ मैं उठा रही हूं, उसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को कोटि–कोटि धन्यवाद करती हूं क्योंकि उनकी वजह से हम कृषि यंत्रों और बहुत सारे प्रोसेसिंग यंत्रों पे जीएसटी की छूट से हमें राहत मिली है।*

——————————

सिद्धार्थनगर में आज सांसद जगदंबिका पाल ने नगर पालिकाओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत जिले क विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका कर्मियों और स्थानीय लोगों द्वारा सफाई की गई। इस मौकेपर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर लोगों से स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वाहन किया गया।

——————————